समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 25 August 2026

# महाराष्ट्र मे अंगले 5 दिनों तक बदलेगा मौसम, आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

Sanket Morankar

Published on 30 Mar 2026



महाराष्ट्र में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। जहां एक ओर गर्मी का असर बढ़ रहा था, वहीं अब अचानक बदले मौसम ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने राज्य में अगले 5 दिनों तक बारिश, तेज हवाओं और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, 30 मार्च से राज्य के कई हिस्सों में मेघगर्जना और बिजली की चमक के साथ बारिश शुरू होने की संभावना है, जिसका असर अप्रैल के पहले सप्ताह तक बना रह सकता है। विशेष रूप से मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की आशंका जताई गई है।

आज नासिक, अहिल्यानगर, बीड, लातूर, धाराशिव, सोलापुर, सांगली और कोल्हापुर जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। वहीं पुणे, सातारा, खानदेश और विदर्भ के कई इलाकों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है।

31 मार्च को भी राज्य के कई जिलों में बारिश जारी रह सकती है। पुणे, सतारा, सांगली, सोलापुर, अहिल्यानगर, बीड, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी और हिंगोली में ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा नासिक और जळगांव में भी ओले गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 1 अप्रैल को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और आंधी का अनुमान जताया है। 2 अप्रैल को बादल छाए रहने और कई स्थानों पर बारिश की संभावना है, जबकि 3 अप्रैल के बाद मौसम धीरे-धीरे साफ होने की उम्मीद है।

इस दौरान किसानों के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, क्योंकि रबी फसलों की कटाई का समय चल रहा है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें या तिरपाल से ढक दें, ताकि बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान न हो।

मौसम विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और बिजली गिरने जैसी

घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहें।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.